(227)

**माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–23.07.2026 को अपराह्न 04:00 बजे खासमहाल भूमि से संबंधित विषय पर विचार विमर्श हेतु आहूत बैठक की कार्यवाही :–**

माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–23.07.2026 को अपराह्न 04:00 बजे खासमहाल भूमि से संबंधित विषय पर खासमहाल सिटीजन वेलफेयर सोसायटी, पटना के प्रतिनिधि मण्डल के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं माननीय मंत्रीं, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा खासमहाल भूमि से संबंधित विषय के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा निम्नांकित निदेश दिये गये है :–

1. खासमहाल भूमि से संबंधित वैसे वादों, जो माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय में लंबित है, की अद्यतन सूची हेतु सभी संबंधित जिलें के समाहर्त्ता से शीघ्र प्राप्त किये जाने के निमित्त पत्र प्रेषित किया जाय।

2. माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय में दायर वादों के संबंध में खासमहाल भूमि से संबंधित विचाराधीन मामलों में वाद की स्थिति एवं माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश/न्यायादेश/निदेश से अवगत कराने संबंधी प्रतिवेदन संबंधित जिलें के समाहर्त्ता से प्राप्त किया जाय।

3. खासमहाल भूमि से संबंधित विस्तृत विवरण (जिसमें भूमि की वर्तमान स्थिति, उपयोग, अतिक्रमण की स्थिति अंकित हो) उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित जिलें के समाहर्त्ता को पत्र प्रेषित किया जाय।

4. माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय द्वारा खासमहाल भूमि से संबंधित वादों में यदि कोई लैंड मार्क Judgement/Order/दस्तावेज पारित की गई हो, तो खासमहाल सिटीजन वेलफेयर सोसायटी, पटना को ऐसे मामले की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। साथ ही विभाग अपने स्तर से प्रमुख न्याय निर्णयों को संकलित करेगा।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

28/7/26
(जय सिंह)
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

E:\Com.-1\2026\Proceeding.docx

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।**

ज्ञापांक सं0–06 / खा0 म0 पटना (नीति)–07 / 2023– (6) रा0, पटना दिनांक–..............................

प्रतिलिपि–समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता, पटना / मुजफ्फरपुर / रोहतास / बक्सर / भोजपुर / मुंगेर / भागलपुर / पूर्णियाँ / समस्तीपुर / सीतामढ़ी / पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(आजीव वत्सराज)
अपर सचिव

ज्ञापांक सं0–06 / खा0 म0 पटना (नीति)–07 / 2023– (6) रा0, पटना दिनांक–..............................

प्रतिलिपि–खासमहाल सिटीजन वेलफेयर सोसायटी, दौलत भवन, एच0 / ओ0–श्री सरोज कुमार, समदर पथ, पार्क रोड़ कदमकुआँ, पटना–800003, दूरभाष सं0–9431024279, ईमेल–khasmahaalsociety@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(आजीव वत्सराज)
अपर सचिव

ज्ञापांक सं0–06 / खा0 म0 पटना (नीति)–07 / 2023– 442 (6) रा0, पटना दिनांक–29/07/2026

प्रतिलिपि–अपर सचिव, वरीय प्रभारी, प्रशाखा–06 / सचिव के आप्त सचिव / आई0टी0 / मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आजीव वत्सराज)
अपर सचिव